<u>प्रेस नोट</u>

<u>थाना-मऊरानीपुर, जनपद-झाँसी</u>

<u>दिनांक- 10.10.2026</u>

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं वांछित अपराधियों/वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रभावी अभियान,**
- **थाना मऊरानीपुर एवं जनपद हरदोई की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा जनपद हरदोई के शहर कोतवाली थाने का हिस्ट्रीशीटर (36A) व स्थायी वारंटी गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ, पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री विकास कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 10.10.2026 को थाना मऊरानीपुर पुलिस टीम द्वारा जनपद हरदोई के थाना शहर कोतवाली से आई पुलिस टीम के साथ समन्वय स्थापित कर मा0 न्यायालय, हरदोई द्वारा जारी स्थाई वारंट संबंधित मु0नं0 165/14 अ0सं0 465/93 धारा 394/397/411 IPC थाना कोतवाली शहर एवं मु0नं0 4071/2018 अ0सं0 304/98 धारा 324 IPC थाना कोतवाली शहर से संबंधित जनपद हरदोई का हिस्ट्रीशीटर 36A प्रदीप शुक्ला उर्फ नटरोज पुत्र मायाराम शुक्ला निवासी चौहान थोक/पोक, थाना-शहर कोतवाली, जनपद-हरदोई को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त प्रदीप शुक्ला उर्फ नटरोज को आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत हरदोई के थाना शहर कोतवाली से आई पुलिस टीम के सुपुर्द कर नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किए जाने हेतु सकुशल रवाना किया गया है।

<u>घटना का संक्षिप्त विवरणः-</u>

अभियुक्त प्रदीप शुक्ला उर्फ नटरोज पुत्र मायाराम शुक्ला निवासी चौहान थोक/पोक, थाना-शहर कोतवाली, जनपद-हरदोई लंबे समय से जनपद हरदोई के थाना शहर कोतवाली में पंजीकृत अभियोगों के संबंध में मा0 न्यायालय द्वारा जारी स्थायी वारंट में फरार चल रहा था। वह अपनी पहचान छिपाकर जनपद झाँसी के थाना मऊरानीपुर क्षेत्रान्तर्गत कुरैंचा गांव में स्थित 'काली सरकार मंदिर' में 'सत्यानंद शुक्ला उर्फ काली सरकार' के नाम से संत/बाबा के रूप में स्वयं को स्थापित कर छद्म रूप में रह रहा था।

<u>अभियुक्त का नाम व पता-</u>

1. जनपद हरदोई का हिस्ट्रीशीटर 36A प्रदीप शुक्ला उर्फ नटरोज पुत्र मायाराम शुक्ला निवासी चौहान थोक/पोक, थाना-शहर कोतवाली, जनपद-हरदोई,

सम्बंधित मुकदमों व स्थायी वारंट का विवरण:

क्र0 सं0	मुकदमा अपराध सं.	धारा	सम्बन्धित थाना/न्यायालय
1	मु0नं0 165/14 अ0सं0 465/93	394, 397, 411 IPC	थाना शहर कोतवाली, हरदोई (ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कोर्ट सं0 2, हरदोई)
2	मु0नं0 4071/2018 अ0सं0 304/98	324 IPC	थाना शहर कोतवाली, हरदोई (न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम, हरदोई)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

थाना मऊरानीपुर एवं जनपद हरदोई की संयुक्त पुलिस टीम